# कांग्रेस के समन्वय सम्मेलन में कुछ पहुंचे और कुछ ने नाराजगी जाहिर की

## नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा –जब कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले साथ नहीं होते तो बेचैनी होती है

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 अगस्त. कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के बाद बदले गए जिला व शहर अध्यक्ष ने अपनी नियुक्ति के बाद पहली बार खुल कर जिले के कार्यकर्ता व नेताओं के सामने बात रखी. हलांकि टाउन हाल में आयोजित इस सम्मेलन के लिए जिले के सभी नेताओं व पूर्व तथा वर्तमान पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था . जिनमें से आपेक्षित नेताओं में कुछ पहुंचे और कुछ ने नाराजगी जाहिर करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई.**

कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्षों ने गुरुवार को अपने अभियान की शुरुआत मैहर में मां शारदा के दर्शन पूजन के बाद किया. इस दौरान रैली के शक्ल में मैहर से सतना आते समय कांग्रेस अध्यक्षों का कार्यकर्ताओं व नेताओं ने जगह जगह स्वागत किया. इसके लिए सतना से एक वाहन रैली में उत्साही युवा कार्यकर्ता वहां पहुंचे. बाद में टाउन हाल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीण अध्यक्ष विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए वो पिछले दस साल से प्रयास कर रहे हैं और उनकी कोशिश को कामयाबी तभी मिलती है जब कार्यकर्ताओं का किसी काम में सहयोग मिलता है. जब करीबी कार्यकर्ता उनके पास नहीं होते तो उन्हें बेचैनी होती है. उन्होंने पार्टी के लिए एकजुटता से प्रयास करने पर बल देते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है हमारे नेता राहुल गांधी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रहे हैं हमें मिलकर उनका हाथ मजबूत करना चाहिए. इस मौके पर जिन अन्य वक्ताओं ने विचार रखे उनमें पूर्व मंत्री सईद अहमद, पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, पूर्व विधायक रामलखन पटेल, कांग्रेस नेत्री रश्मि पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामपाल सिंह, रामनगर नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा मिश्रा, पूर्व शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद शामिल थे. सम्मेलन में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस सहित सभी प्रकोष्ठों की सक्रिय भागीदारी रही।



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता रितेश त्रिपाठी ने किया. सम्मेलन में गुड्डू सिंह परसवारा ,प्रदीप समदड़िया सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, विक्रांतत्रिपाठी , बंगाली दादा रशीद डेंटर पंकज कुशवाहा अमित अवस्थी सन्नू रामकुमार तिवारी रजनी तिवारी रविंद्र सिंह मिथिलेश नेता प्रतिपक्ष फैशन खान तिलक राज सोनी जेपी कुशवाहा शंकर दिन कुशवाहा के के कुशवाहा रमेश द्विवेदी लालाराम प्रताप कुशवाहा बाबू खान आशुतोष सिंह अजीम मंसूरी, राजू वर्मा फुर्सत राजेश कुशवाहा गौरी शंकर कुशवाहा दीपक सुखवानी संतोष कापड़ी घनश्याम मगरनी अरुण कुशवाहा राजीव लोधी मोनू जोली रमेश चक्रवर्ती निजाम भाई कुलभूषण चतुर्वेदी आनंदकर द्विवेदी लालू चौबे पप्पू सिंह सुहास अनिरुद्ध सिंह रगोली जतिन जैन खुर्शीद भाई कार्यक्रम में जिले भर के कार्यकर्तता भारी संख्या में उपस्थित रहे .

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

## हिरौंदी के निकट हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 28 अगस्त. सतना-चित्रकूट मार्ग पर मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत हिरौंदी के निकट हुए सड़क हादसे में जहां बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक गंभीर तौर पर घायल हो गए. पुलिस द्वारा दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सिद्धार्थ नगर के निवासी 3 व्यक्ति बाइक पर सवार होकर चित्रकूट की ओर जा रहे थे. बताया गया कि जैसे ही उनकी बाइक मझगवां क्षेत्र अंतर्गत हिरौंदी के निकट पहुंची वैसे ही अचानक सामने से आ रही एक यात्री बस से जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग छिटककर दूर जा गिरे. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई.




मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां पर जांच करने पर रवि मिश्रा पिता राजेश मिश्रा उम्र 31 वर्ष निवासी फरहद थाना कोटर को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि दीपक मिश्रा पिता अयोध्या प्रसाद मिश्रा उम्र 22 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई. एक अन्य हीरा सिंह बहेलिया पिता रामटहल बहेलिया उम्र 40 वर्ष निवासी सिद्धार्थनगर गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. इसके साथ ही यात्री बस के चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई.

# जिला अस्पताल रोड से हटाया गया अतिक्रमण, 2 एंबुलेंस जब्त

## एसडीएम, आरटीओ और डीएसपी यातायात की संयुक्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 28 अगस्त. जिला चिकित्सालय परिसर में पुलिस चौकी के सामने निजी एंबुलेंस संचालकों के बीच हुई मारपीट की घटना से संबंधित वीडियो वाइरल होने के बाद गुरुवार को अस्पताल रोड पर मौजूद अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्रवाई की गई.**

हलांकि अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्रवाई का सभी ने स्वागत किया. लेकिन निजी एंबुलेंस संचालकों के बीच टकराव के चलते आए दिन कानून-व्यवस्था की समस्या खड़ी होने के बावजूद भी कोतवाली पुलिस का लचर रवैया लोगों को रास नहीं आ रहा है.

सोशल मीडिया में एक वीडियो वाइरल हुआ था. जिसमें अस्पताल चौकी के सामने पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में निजी एंबुलेंस संचालकों के दो गुट के बीच मारपीट होती नजर आ रही है. इतना ही नहीं बल्कि एक निजी एंबुलेंस संचालक द्वारा पुलिस कर्मियों के सामने उनकी चौकी से उनकी ही लाठी निकाल कर दूसरे एंबुलेंस संचालक को मारता दिखाई दे रहा है. वीडियो के जरिए यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया कि न तो अस्पताल चौकी और न ही कोतवाली पुलिस के पास इतना दमखम बचा है कि अस्पताल परिसर में खुलेआम अराजकता फैलाने वाले निजी एंबुलेंस संचालकों और उनके गुर्गों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके. वाइरल वीडियो के बावजूद भी एक ओर जहां कोतवाली पुलिस मूक दर्शक बनी नजर आई. वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा उसे नजरअंदाज करना ठीक नहीं समझा गया. गुरुवार को एसडीएम राहुल सिलाड़िया, डीएसपी यातायात संजय खरे और प्रभारी आरटीओ संजय श्रीवास्तव जिला अस्पताल पहुंच गए. जहां पर तीनों अधिकारियों ने अस्पताल के आरएमओ डॉ. शरद दुबे के साथ चर्चा की. चर्चा करने के बाद कुछ निजी एंबुलेंस संचालकों और पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारियों को तलब करते हुए वस्तु स्थिति को समझने का प्रयास किया गया. जिसके बाद तीनों अधिकारी अस्पताल रोड पर उतर गए और नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के जरिए वहां पर मौजूद सभी ठेले-गुमटी हो हटा दिया गया. यह कार्रवाई अस्पताल रोड से लेकर कन्या महाविद्यालय के गेट तक हुई. इस दौरान कुछ दुकानदारों के सामान को जब्त भी कर लिया गया. इसी कड़ी में अधिकारियों द्वारा सहकारी बैंक के निकट खड़ी होने वाली निजी एंबुलेंस की जांच की गई. गड़बड़ी पाए जाने पर वहां पर खड़ी दो एंबुलेंस को जब्त कर लिया गया. हलांकि अस्पताल रोड तो साफ-सुथरी हो गई. लेकिन कुछ देर बाद ही समूची कार्रवाई को धत्ता बताते हुए कन्या महाविद्यालय के पास अतिक्रमणकारी वापस लौट आए.





### फिर लगा जमघट

अस्पताल चौकी के गेट पर खड़े होकर एक दूसरे से मारपीट करने पर निजी एंबुलेंस संचालकों के दोनों पक्ष से मिली शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण तो दर्ज कर लिया गया. लेकिन उसके बाद कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई. जिसका नतीजा यह हुआ कि गुरुवार की देर शाम जिला चिकित्सालय के मुख्य गेट के सामने आधा सैकड़ा से अधिक की संख्या में निजी एंबुलेंस संचालक और उनके गुर्गे एकत्रित हो गए. इस दौरान आपसी बातचीत के जरिए वे जोर-जोर से गाली-गलौच करते हुए लोगों को धमकाने का प्रयास करते रहे. लेकिन इसके बावजूद भी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अराजकता कर रहे लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई.

# घर में घुसकर लूट के 2 आरोपी गिरफ्तार

## सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को अहरी टोला से किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 28 अगस्त. घर में चोरी के इरादे से घुसे आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट करते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया था. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया द्वारा घटना की शिकायत की गई थी. महिला के अनुसार रात के लगभग 2-3 बजे के बीच दो लोग चोरी की मंशा से उनके माता पिता के कमरे में घुसे. घर में रखा सामान चुराकर ले जाने के दौरान उएनकी मां की नींद खुल गई. जब मां ने उन्हें राकने का प्रयास किया तो चे डंडे से मारपीट कर सोने-चांदी के गहने और 6000 रु की नकदी अपने साथ ले गए. मामले की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अ ारोपियों की तलाश शुरु की. इसी कड़ी में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर शहर के अहरी टोला क्षेत्र में दबिश देते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. जिनकी पहचान सुनील कोल उर्फ लल्लू उम्र 30 वर्ष निवासी अहरी टोला और राज कोल उम्र 19 वर्ष निवासी बांधी मौहार को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों ने लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया. वहीं आरोपियों की तस्दीक पर पुलिस टीम ने लूटा गया सामान बरामद कर लिया.





# देशी शराब के लिए रखा 5 क्विंटल महुआ लाहन जब्त

## ड्रम और प्लास्टिक के डिब्बों में चोरी छिपे दबाया गया था स्टॉक

नवभारत न्यूज

**सतना 28 अगस्त. चोरी छिपे अवैध तौर पर देशी हाथ भट्ठी की महुआ शराब बनाए जाने की जानकारी मिलने पर जब पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर छापेमारी की तो वहां पर प्लास्टिक के डिब्बे और ड्रमों में 5 क्विंटल महुआ लाहन का स्टॉक पाया गया. यह बात और कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही अवैध शराब बनाने वाले आरोपी वहां से निकल गए थे.**

मैहर जिले के अमरपाटन अनुभाग में बतौर एसडीओपी तैनात श्रीमती ख्याति मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर पुलिस को अवैध तौर पर शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी. रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी से मिली इस जानकारी को गंभीरता से लेते हुए फौरन ही पुलिस टीम गठित कर मौके पर छापेमारी करने के निर्देश दे दिए गए. जिसके चलते एसडीओपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ कोठार पहुंचकर छापेमारी की. बताए गए स्थान पर पहुंची पुलिस टीम ने जब जांच शुरु की तो छिपा कर रखे गए प्लास्टिक के डिब्बे और ड्रम नजर आए. जिन्हें खोल कर देखने पर उनमें महुआ लाहन भरा पाया गया. प्लास्टिक के 20 डिब्बों और 5 छोटे-बड़े ड्रमों में कुल 5 क्विंटल महुआ लाहन पाया गया.

एसडीओपी के निर्देश पर जब्त महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया. इसी कड़ी में पुलिस द्वारा इस बात की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है कि अवैध तौर पर शराब बनाने वालों में कौन कौने से लोग संलिप्त हैं.

### गांजा तस्करी करते 2 धराए

रामनगर पुलिस द्वारा अवैध देशी शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही गांजा तस्करी कर रहे दो युवकों को भी दबोच लिया. सिविल अस्पताल के पीछे वाले रास्ते पर पहले से तैयार खड़ी पुलिस टीम ने बाइक सवार दो युवकों को रोक लिया. जांच किए जाने पर प्लास्टिक की बोरी में 2 किलो 330 ग्राम गांजा रखा पाया गया. जिसे देखते हुए आरोपी कुलदीप पटेल उम्र 24 निवासी ब्रम्हनाड़ी और मनीष पटेल उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार करने के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली गई.

# एकेएस में पद्मश्री डॉ .बीके जैन का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 अगस्त. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दीक्षारंभ समारोह 2025 में पद्मश्री डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे।**

विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें शाल, श्रीफल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन लॉ विभाग के डीन सुधीर जैन ने किया जबकि स्वागत भाषण सूर्यनाथ सिंह गहरवार ने दिया।



### शांति समिति की बैठक आज

**सतना 28 अगस्त.** गणेश उत्सव, गणेश विसर्जन, मिलाद उन-नवी एवं दशहरा तथा अन्य आगामी त्यौहारों के संबंध में जिले में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के उद्देश्य से 29 अगस्त 2025 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

# मैहर में अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 अगस्त. मैहर के मुख्य कटरा बाजार में गुरुवार दोपहर को अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एक विवाद हो गया। नगरपालिका के अतिक्रमण अधिकारी प्रवीण तिवारी पर दुकानदारों ने हमला कर दिया।**



घटना उस समय हुई जब अतिक्रमण अधिकारी दुकान के बाहर रखे सामान को हटा रहे थे। दुकान संचालक ने पहले सामान हटाने पर धमकी दी। इसके बाद अखिल गोयल, आशीष और अखिलेश ने प्रवीण तिवारी पर हमला कर दिया। हमले में घायल हुए प्रवीण तिवारी को इलाज के लिए मैहर सिविल अस्पताल ले जाया गया।

आक्रोशित नगरपालिका कर्मचारियों ने मैहर थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तीनों आरोपी दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम आज

नवभारत न्यूज

**सतना 28 अगस्त. राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस फिट इंडिया के तहत दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 अगस्त को प्रातः 7.15 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, फिट इंडिया शपथ एवं फुटबाल, रस्साकशी मनोरंजन खेल का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 30 अगस्त को विद्यालय समय में महाविद्यालयों, विद्यालयों में खेल संवाद, खेल में फिट रहने के कार्यक्रम तथा 31 अगस्त को प्रातः 8 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में संडे आन सायकल अंतर्गत सायकल दौड का आयोजन किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिवों से मिल सांसद ने रखे विकास के प्रस्ताव

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 अगस्त. लोकसभा क्षेत्र सतना में विकास के कई प्रस्तावों को लेकर सतना सांसद गणेश सिंह ने गुरूवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर सांसद व सीएम के बीच बातचीत हुई।**

सांसद द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री की सहमति मिली तो कई मुद्दों पर अधिकरियों को निर्देश दिए कि इन प्रस्तावों पर कार्य कैसे किए जाएंगे इस पर सांसद श्री सिंह के साथ बैठ पूरी योजना समझ कर जानकारी देने की बात भी कही गई। सीएम से मिलने और अपने प्रस्ताव रखने के बाद सांसद ने इस बात का पुरजोर विरोध मुख्यमंत्री के सामने किया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में आने वाले मैहर जिले से मुकुंदपुर टाइगर सफारी समेत अन्य गांव गुपचुप तरीके से रीवा में जोड़ने की योजना बनाई गई जो नहीं होना चाहिए। सफारी समेत सभी गांव मैहर जिले में रहें। बरगी नहर को लेकर भी सीएम से सांसद ने चर्चा कर सतना में हो रही यूरिया खाद की समस्या के बारे में जानकारी देकर अपने मोबाइल से कुछ तस्वीरे दिखाई और बताई कि आखिर खाद के लिए उनके लोस क्षेत्र में किसानों को कैसी परेशानी हो रही है। सांसद ने सीएम से कहा कि किसानों को खाद सुगमता से उपलब्ध हो इसके इंतजाम किए जाएं ।



### एक नजर में



#### नवभारत कार्यालय में बिराजे गणपति बप्पा

**सतना।** नवभारत सतना के कार्यालय में गणेश चतुर्थी को विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्री गणेश जी की स्थापना की गई। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

#### मीरानी कॉलोनी में रक्तदान शिविर आज

**सतना ।** श्री गणेश महोत्सव के शुभ अवसर पर गणेश महोत्सव समिति द्वारा 29 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से मीरानी कॉलोनी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

#### सिन्धी फिल्म छल याद रखऊ आज से

**सतना ।** सिंधी समाज के उत्साही नवयुवकों द्वारा विगत कई वर्षों से सतना व आसपास के सिंधी समाज के लिए सिंधी भाषा के बढ़ावे हेतु सिंधी भाषा की सीफ़्ल्मिों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उक्त फिल्मों को समाज वालों का भी भरपूर प्यार व सहयोग मिल रहा है। संयोजक समिति के सदस्य मनोज नोतानी द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि आयोजन समिति द्वारा सिंधी फिल्मों की इसी कड़ी में शुक्रवार 29 तारीख से भोपाल के दिग्गज निर्माता, निर्देशक प्रेम सावलानी द्वारा निर्मित पारिवारिक फिल्म शल याद रखऊं को स्थानीय आई म्यूजिका सिनेमा में लगवाया जा रहा है।



#### भगवान शांतिनाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकली

**सतना।** श्री श्वेतांबरजैन धर्मावलंबियों के पर्युषण महापर्व की समाप्ति पर गुरुवार को भगवान की रथ यात्रा निकाली गई रथ यात्रा में सभी युवान स्वेत कपड़ों में शामिल हुए और जगह-जगह गरबा नृत्य करते हुए जैन धर्म की पताका लहराते हुए आगे बढ़े मातृशक्ति भी सुव्यवस्थित परिधान में इस रथ यात्रा में शामिल हुई रथ यात्रा में पूज्य मुनि श्री संघ का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। अठाई तप करने वाले तपसियों को बघी में बैठा कर रथ यात्रा में शामिल किया गया रथ यात्रा श्री आदिनाथ जयनालय से निकलकर गांधी चौक बिहारी चौक होते हुए पन्नीलाल चौक पुराना पावर हाउस चौक होते हुए वापस जिन मंदिर में पहुंची। इसके पूर्व प्रातः ऋषभ जैन उपाश्रय में क्षमा वाणी का कार्यक्रम हुआ जिसमें लोगों ने अपने-अपने विचार क्षमा वाणी पर रखें इसी अवसर पर पर्व दरमियान तपस्या करने वाले तपसियों का बहुमान भी हुआ समाज की परंपरा अनुसार दो बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया जिसमें पूर्व अध्यक्ष गिरीश शाह और मातृशक्ति से रश्मि गिरीश शाह का सम्मान किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक भाई बोरा मंत्री राजेश कुमार जैन ने पूरे पर्व को सानंद और बेहतर ढंग से संपन्न होने पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है